हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 जून 2024


बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 मंदिर में शनिदेव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा



10 आक्सीजोन का सुधर नहीं पाया फौवारा, डेमेज पाइप लाइन...




# श्रमिकों की सुरक्षा व स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता, इसके लिए प्रभावी कदम उठाना जरूरी

## कलेक्टर ने श्रम, उद्योग व औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में श्रम, उद्योग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने श्रम विभाग, उद्योग विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की विभागीय कार्यों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में श्रमिकों की सुरक्षा, उद्योगों की उत्पादकता और औद्योगिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करना था।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया।



### अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था व इसे चलाने कर्मचारियों को दें प्रशिक्षण

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा की ऐसे कारखाने के समस्त संवेदनशील क्षेत्रों में अग्निशमन की व्यवस्था होनी चाहिए तथा अग्निशमन उपकरणों को उपयोग करने हेतु श्रमिक/कर्मचारी प्रशिक्षित होने चाहिए। उन्होंने औद्योगिक केंद्रों में आपातकालीन व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा की कारखानों में आपातकाल में श्रमिकों के सुरक्षित बाहर निकलने हेतु सुरक्षित मार्ग चिन्हांकित हो, पीईएसओ के प्रावधानानुसार सुरक्षा ऑडिट होना तथा सक्षम व्यक्ति की नियुक्ति होना सुनिश्चित करने को कहा। ऐसे कारखानों के सभी विभागों के लिए कारखाना प्रबंधन द्वारा सुरक्षित कार्य पद्धति लिखित में तैयार कर इसकी संक्षेपिका कार्य स्थल के समीप प्रदर्शित करने के निर्देश दिए तथा प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इसकी मॉनीटरिंग कर सुनिश्चित करें कि ▶▶| शेष पेज 11 पर

कलेक्टर ने बताया कि श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने उद्योगों को श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।


बैठक में उद्योगों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं और चुनौतियां साझा कीं। उन्होंने श्रम कानूनों में सुधार और उनके क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के बारे में बताया। कलेक्टर ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें जल्द ही हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सरकार उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसके साथ ही ▶▶| शेष पेज 11 पर

### सुधार से ही समग्र विकास संभव

कलेक्टर ने अंत में सभी संबंधित पक्षों से मिलजुल कर काम करने और श्रमिकों की बेहतरी के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि श्रम, उद्योग और सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार लाकर ही जिले का समग्र विकास संभव है। बैठक कलेक्टर ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसी और बैठकों के आयोजन की बात कही, जिससे समन्वय और सहयोग को बढ़ावा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### शिवा का हुआ नीट में चयन



**बेमेतरा।** नीट परीक्षा 2024 में बेमेतरा निवासी शिवापुरी गोस्वामी पिता जयशंकर पुरी गोस्वामी ने आल इंडिया रैंकिंग में अच्छी रैंक हासिल की है। उन्होंने 720 अंकों में से 685 अंक प्राप्त कर अपनी जगह बनाई है। उनकी इस सफलता में परिजन एवं मित्रों ने अपनी बधाई दी है।

### श्री बाबा रामदेव मंदिर में चंद्रदर्शन महाआरती आज

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति गंजपारा बालोद में 7 जून को संध्या 7:30 बजे चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने सभी भक्तजनों से महाआरती में उपस्थित होने की अपील की है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुमेश ठाकुर पर धारा 363, 366, 376(2)(एन) आईपीसी 4, 6 पॉक्सो एक्ट की धारा लगाई गई है। गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी खुमेश ठाकुर एक नाबालिग लड़की को प्रेमप्रसंग में बहला फुसला शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया।

### गन्ना उत्पादक किसानों का धरना-प्रदर्शन आज

**बालोद।** जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ बालोद द्वारा 7 जून को 10 बजे नया बस स्टैंड बालोद में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्ष तेजराम साहू ने बताया कि गन्ने का मूल्य 500 रूपये प्रति क्विंटल देने के विषय में शासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लेने के कारण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा, संघ द्वारा जिले के समस्त गन्ना किसानों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई।

### मंगलवार को आंधी ने मचाया था कहर, पेड़ व खंभे गिरने से बंद रही बिजली

# नया बस स्टैंड, सिविल लाइन क्षेत्र में 40 घंटे बाद शुरू हुई बिजली सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार रात आए आंधी तूफान से वैसे पूरा शहर अंधेरे में बीता था जो बुधवार तक सुधर पाई परंतु सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र सिविल लाइन, भारत भारत माता चौक एवं नए बस स्टैंड क्षेत्र में बिजली 40 घंटा बीत जाने के बाद गुरुवार बहाल हो पाई।

- दो दिनों से व्यवस्था बनाने युद्धस्तर पर जुटा रहा विद्युत विभाग

सिविल लाइन में अधिकांश प्रशासनिक अधिकारियों का निवास है जहां पर परिवार सहित अधिकारी रहते हैं। बीते दिनों आंधी तूफान से सिविल लाइन के आसपास लगभग पांच विद्युत पोल गिर गए इसके बाद से बिजली बहाल करने कंपनी के कर्मचारी लगे रहे लेकिन दो दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद बिजली प्रारंभ हो पाया है। सिविल लाइन से मिली जानकारी के अनुसार पोल खड़ा करने के लिए गड्ढे की खुदाई हाथ से करने के कारण एक पोल खड़ा करने के लिए गड्ढे की खुदाई में 3 घंटे से अधिक समय लगा है। सिविल लाइन के निवासियों ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों से आग्रह किया है कि ड्रिल मशीन से बिजली पोल खड़ा करने के लिए गड्ढा खोदा जाए, ताकि प्रभावित क्षेत्र में बिजली बहाल हो सके। इसी तरह की स्थिति भारत माता चौक में भी बनी हुई है और अभी भी कांग्रेस भवन के आसपास बिजली बंद है। विद्युत कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि सिविल लाइन के आसपास 5 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं, जिसे नए सिरे से खड़ा करके तार खींचने का काम किया जा रहा है। इसमें समय लग रहा है इसलिए बिजली बंद है और गुरुवार शाम तक हर हाल में बिजली बहाल कर ली जाएगी। विभाग पूरे 40 घंटे बाद बिजली सप्लाई कर पाए।





गौरतलब हो कि आंधी तूफान से सिविल लाइन के पास ही संचालित गर्ल्स हाई स्कूल आत्मानंद स्कूल एवं जिला शिक्षा कार्यालय के टीन शेड तथा दर्जन भर पेड़ बिजली पोल और तार में गिर जाने के कारण समूचा इलाका प्रभावित था, जहां पर नए सिरे से बिजली के पोल खड़ा करने के लिए ▶▶| शेष पेज 11 पर

### देर रात तक शुरू नहीं हो पायी पूरी सप्लाई

बता दें कि बीते दिनों मंगलवार की रात अचानक चक्रवर्ती हवा तेज तूफान और ओले गिरने से बेमेतरा के आधे क्षेत्र पूरी तरह से प्रभावित हुआ था। जिसके कारण कई पेड़ गिरे थे कई खंभा गिर चुका था उसके कारण विधुत बंद रही यही स्थिति नया बस स्टैंड में स्थित एक बरगद के पेड़ का एक भाग विद्युत पोल के ऊपर गिर गया जिसके कारण विद्युत पोल टूट कर गिर गया था। उसे बनाने के लिए बिजली विभाग के द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास करते रहे बीते 40 घंटे में व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो पाई है। इसके अलावा पूरी तरह अभी भी बिजली सप्लाई नहीं हो पाई है, क्योंकि लो वोल्टेज होने से बंद चालू हो रही है, जिससे सभी लोग परेशान हैं। यद्यपि बिजली विभाग के द्वारा निरंतर सक्रियता के साथ लोगों को सुविधा एवं राहत देने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी शर्मा ने मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर सभी का आभार माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा व 70 नवागढ़ में मतगणना शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

- मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को निभाया और सभी का सक्रिय सहयोग मिला

कलेक्टर रणबीर शर्मा जारी आभार संदेश में कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहनीय भूमिका निभाई जो प्रशंसनीय है। भीषण गर्मी और उमसभरे दिन में जो कार्य किया, वह काबिले तारीफ़ है। महिला कर्मचारियों ने ज़िम्मेदारी से कार्य का निर्वहन किया, वो भी बधाई की पात्र हैं। कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक निटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, को भी सफल संचालन की प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को निभाया और सभी का सक्रिय सहयोग मिला। मीडिया से जुड़े साथियों ने निर्वाचन, मतगणना एवं मतदाता जागरुकता संबंधी समाचारों को पर्याप्त महत्व दिया।

## वृद्धाश्रम पहुंचे कलेक्टर शर्मा, बुजुर्गों से की चर्चा



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सुबह जिला मुख्यालय बेमेतरा के समीप ग्राम कंतेली में समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त तथा समाज कल्याण विभाग से अनुदानित अशासकीय संस्था वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। बता दें कि यह वृद्धाश्रम शिव मंगल महिला समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शर्मा ने संस्था में निवासरत प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों से मिलकर व्यक्तिगत चर्चा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से ▶▶| शेष पेज 11 पर

## मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे खम्हरिया एम के निवासी

गांव की नालियों की नहीं हो रही साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला की निकटवर्ती ग्राम पंचायत खम्हरिया एम में नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से गलियों में गंदगी पसरी है। एक तरफ नल जल योजना अंतर्गत गांव में हर घर नल लगा हुआ है। गांव के प्रत्येक घरों में दैनिक उपयोगिता के लिए पानी की उपयोग किया जाता है।



वही घर में उपयोग करने वाले व्यर्थ पानी गली व सड़क में बहा रहे। पानी सड़क पर कई दिनों तक जाम होने के कारण बदबू आने से वार्डवासी परेशान हो रहे है। इसके साथ ही गन्दा पानी के जमाव होने के कारण सड़क में चलना मुश्किल हो रहा है, जिससे हादसे हो रहे हैं। वही ग्राम पंचायत खम्हरिया एम के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिनके कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो रहे है। आपको बता दें कि बरसात के पानी यही सड़क में घुटने तक भर जाते है। जिसके कारण से सड़क कहां है पता नहीं चलता और गड्ढे में गिर जाते हैं। इससे ग्रामीणों को चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं।

## ग्रामीणों की सहभागिता से सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों की कराएं साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा टेकचंद अग्रवाल ने अपरान्ह जिला पंचायत सभागार में

- सीईओ जिला पंचायत ने ली 50 ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक
- एसबीएम के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की

जिले के 50 ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक लेकर ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में घर-घर कचरा संग्रहण करने, गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने, ग्राम में मुनादी कराने, सार्वजनिक स्थलों के साफ-सफाई किए जाने, यूजर चार्ज इकट्ठा करने, आईईसी संदेश लिखे जाने एवं रजिस्टर का संधारण किए जाने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई।



उन्होंने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम के मापदंडों के अनुसार गांवों को मॉडल ग्राम बनाने के लिए सविस्तार से जानकारी दी। प्रत्येक गांव में प्रत्येक सप्ताह ग्रामीणों की सहभागिता से सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में सीईओ जनपद पंचायत, एनआरएलएम के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, पीआरपी, सीआरपी तथा एसबीएम के टीम उपस्थित थे।

### यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बालोद।** जिले के राजनांदगांव रोड पर ग्राम संबलपुर के पास तेज रफ्तार यात्री बस और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर से बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक युवक हेलमेट नहीं पहना था जिसके कारण उसके सिर में चोटें आई हैं। घायल युवक को संजीवनी 108 एम्बुलेंस की टीम शंकर और तुनेश्वर ने देवरी स्थित सीएचसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल हो राजनांदगांव रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय नीरज अपनी बाइक से राजनांदगांव की ओर जा रहा था, वहीं तेज रफ्तार यात्री बस जो दादा ट्रैवल्स की बताई जा रही है विपरीत दिशा से आ रही थी।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

### नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया वट-सावित्री पर्व

# वट वृक्ष की पूजा कर मांगा पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के विभिन्न क्षेत्रों सहित नगर में पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा और वट वृक्ष की विधि पूर्वक परंपरागत रूप से पूजा अर्चना की तथा पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर कई स्थानों पर आचार्यों ने सती सावित्री कथा का वाचन किया। गुरुवार को सुहागन महिलाओं ने विभिन्न रंगों के परिधान पहनकर, श्रृंगार करके नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित वट वृक्ष की पूजा के लिए जेठ माह की चिलचिलाती धूप में पहुंची। वहीं, कुछ महिलाओं ने अपने घर अथवा आसपास के घरों के गमले में लगाए गए वट वृक्ष की पूजा की। पूजा की शुरुआत वृक्ष में जल अर्पण करके किया गया। उसके बाद वृक्ष में रोली अक्षत सिंदूर कुमकुम के साथ विभिन्न प्रकार के फूल चढ़ाए। शक्कर युक्त चना दाल के साथ कई तरह के फल चढ़ाया तथा हाथ पंखा सुहाग के विभिन्न सामग्री के साथ वटवृक्ष को अर्पण किया। इसके बारे में सनातन धर्म में मान्यता है कि वट वृक्ष की जड़ में ब्रह्मदेव तने पर भगवान विष्णु एवं पत्तों में भगवान महादेव का वास रहता है। इसलिए जेठ माह के कृष्ण पक्ष के अमावस्या के दिन सावित्री पर्व पर वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति की दीर्घायु की कामना से उपवास रखा जाता है। पूजा के बाद धूप दीप अगरबत्ती के साथ आरती की गई और कच्चे सूत के धागे को वृक्ष को बांधा गया।

- परंपरागत रूप से की गई पूजा-अर्चना, सुनी सती-सावित्री की कथा





**खबर संक्षेप**

### अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव आज

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दरबार के महंत अम्मा मीरा देवी के मार्गदर्शन में होगा। इस कार्यक्रम में रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, चकरभाटा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई से 11 धाम से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। इसी दौरान सुबह 11 बजे अखंड धुनी पाठ साहब शुरू होगा। इसके बाद आरती, सत्संग, कीर्तन शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, सुशील केशवानी, पवन प्रितवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

### नहीं चली टाटा इतवारी पैसेंजर

**रायपुर।** टाटानगर से इतवारी के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर और टाटा-बिलासपुर-टाटनगर एक्सप्रेस के रद्द रहने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्रधरपुर रेल मंडल के बीच कांसबहाल-राजगंगपुर सेक्शन में एनएचएस लॉंचिंग की वजह से ब्लाक लिया गया है। इस कार्य के चलते बुधवार को हावड़ा से सीएसएमटी जाने वाली दुरन्तो एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से सात घंटे विलंब से रवाना हुई। आरा-दुर्ग के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस आवाजाही के दौरान राउरकेला-दुर्ग के मध्य रद्द रही।

### जामुल सीमेंट प्लांट में हुई हत्या मामले में सीएचपी प्रमुख गिरफ्तार

**रायपुर।** भिलाई के एचओडी हत्या कांड मामले में पुलिस ने इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सीमेंट प्लांट जामुल के भीतर एचओडी आर. बाला राजू खुन से सना मिला था। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। बालराजू के हत्या करने वाले की तलाश में पुलिस जुटी रही। प्लांट का कर्मी हरीशचंद वर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के तुरंत बाद सीएचपी का प्रमुख संजय तिवारी उसके पास आकर शर्ट में लगे दाग को मिटाने लगा। मृतक आर. बाला राजू ने कोल्ड हेंडलिंग प्लाट मे ब्रिफिंग करने के बाद और पावर प्लाट पहुँचने के बीच संदेही संजय तिवारी मौजूद नहीं था। मृतक आर. बाला राजु के साथ ही आरोपी संजय तिवारी भी सी.एच.पी. से निकलने की जानकारी गवाह ने पुलिस को दिया। गेट रजिस्टर भी जांच की गई। जिसमें आरोपी संजय तिवारी लंच के लिये अपने घर जाकर कपड़े बदल आया था। पुलिस की टीम उसके घर में जाकर कपड़े बरामद किया।

### बारिश आने के पहले कम हुए विमान यात्री

**रायपुर।** बारिश आने से पहले ही हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्य कम होने लगी है। छुट्टियों का अंतिम दौर चलने की वजह से घूमने-फिरने बाहर गए यात्री वापस लौट चुके हैं। अब सफर करने वालों में आवश्यक कार्य के लिए दूसरे शहर जाने वाले लोग शामिल है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सप्ताह 45334 यात्रियों ने आवाजाही की जो पूर्व सप्ताह की तुलना में 1.10 प्रतिशत कम है। गर्मी की छुट्टियों के दौरान मई के महीने में रायपुर एयरपोर्ट के जरिए पचास हजार यात्री प्रति सप्ताह आवाजाही कर रहे थे।

### बिना हेलमेट कल से नहीं मिलेगा पेट्रोल

**रायपुर।** भिलाई सेक्टर क्षेत्र के 11 पेट्रोल पंप अब दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देना का मन बना लिया है। उक्त पेट्रोल पंप संचालकों ने 21 दिन चैलेंज में अपनी भागीदारी निभाई है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करने दिए गए निर्देश और एएसपी सुखनंदर राठौर मार्ग दर्शन में सेक्टर एरिया के पेट्रोल पंप के संचालको का कंट्रोल रूम में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि बिना हेलमेट के वाहन चालको को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

# आक्सीजोन का सुधर नहीं पाया फौवारा, डेमेज पाइप लाइन को सुधारने चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ईएसी कालोनी की 29 एकड़ जमीन पर विकसित आक्सीजोन में लगा फौवारा किसी काम का नहीं रहा। मरम्मत कराने बाद भी इसे सुधारा नहीं जा सका। रायपुर स्मार्ट सिटी अब वहां सामान्य रूप से चलने वाला नया फौवारा लगवायेगी। पौधों को सूखने से बचाने के लिए ड्रिप एरीगेशन वाली पाइप लाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के बाद इसे बदलने का काम अनुबंधित एजेंसी ने शुरू कराया है। परिसर बनाये गये कृत्रिम तालाब की एक अरसे बाद सफाई कराई गई है।

- 15 जून के बाद होगा 300 पौधों का रोपण

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 1 करोड़ 39 लाख में दिया ठेका

### लाइटिंग, फ्लोरिंग और पौधारोपण का काम बाकी

आक्सीजोन के कई हिस्सों लगाई गई लाइटें बंद पड़ी हैं। इसे सुधारने और अलग-अलग एरिया में नई लाइटें लगाने का काम अभी बाकी है। बगीचे के अंदर वाले हिस्से में फ्लोरिंग का काम अभी नहीं हो पाया है। इसे जल्द शुरू कराया जायेगा। सौंदर्यीकरण के बाकी काम को पूरा करने 15 दिन की समय सीमा अनुबंधित एजेंसी को दी गई है।



### 15 जून के बाद 300 पौधों का रोपण

वन विकास द्वारा विकसित शहर के सबसे बड़े आक्सीजोन में रंग-बिरंगे फूलदार पौधों की कमी को देखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 15 जून के बाद अलग-अलग प्रजाति के 300 फूलदार पौधों का रोपण किया जायेगा, ताकि आक्सीजोन की सुंदरता बढ़ सके। इस परिसर में आम, इमली, नीम, बरगद, पीपल सहित बड़ी संख्या में पुराने पेड़ संरक्षित हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने आक्सीजोन परिसर के सौंदर्यीकरण कराने रायपुर की एजेंसी को 1 करोड़ 39 लाख में ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी ने परिसर में 3 बंद पड़े टायलेट की कराते हुए इसे उपयोग के लायक बनाया है। इसके अलावा 1 नया टायलेट का निर्माण कराया जा रहा है। अभी तक इस परिसर में बच्चों के लिए खेलकूद व मनोरंजन की सुविधा नहीं थी। इसे ध्यान में रखते हुए वहां चिल्ड्रन प्ले एरिया विकसित किया जा रहा है, जहां आकर्षक झूले, फिसलपट्टी लगाये गये हैं।

आक्सीजोन में सुबह-शाम आने-जाने वालों की सेहतमंदी के लिए एक्सरसाइज के इक्वीपमेंट लगाने का काम किया जा रहा है। रंगरोगन से लेकर पाथवे बनाने का काम पूरा हो गया है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का 20 करोड़ का प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं

# आधा दर्जन तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पिछड़ा, 3 माह और लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

राजधानी के आधा दर्जन तालाबों में पहुंच रहे नालियों के गंदा पानी को साफ करने 3 जगहों पर बनाये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पिछड़ गया है। इस काम को पूरा होने में अभी 3 माह का समय और लगेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने टिकरापारा के नरैया तालाब, पुरानी बस्ती के खोखो और महाराजबंद तालाब में एसटीपी निर्माण के लिए पुणे की समृद्धि एजेंसी को 20 करोड़ में ठेका दिया है। ठेका एजेंसी 2 साल में भी यह काम पूरा नहीं कर पाई।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर के तालाबों के जलस्तर में वृद्धि करने और तालाब में मिल रहे नालियों के गंदे पानी को उपचारित कर दोबारा उपयोग लायक बनाने 20 करोड़ की लागत से नरैया तालाब, खोखो तालाब और महाराजबंद तालाब में 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। 2 साल पूर्व इस कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर स्मार्ट सिटी ने पुणे की समृद्धि वाटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया, पर अनुबंधित एजेंसी द्वारा काम में लेटलतीफी की वजह से एसटीपी निर्माण का काम अधूरा पड़ा है।

### महाराजबंद तालाब किनारे एसटीपी निर्माण अधूरा, और 3 माह लगेंगे

महाराजबंद तालाब में 3 नालों का गंदा पानी साफ कर तालाब में छोड़ने 10 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। तालाब में वीरभद्रनगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाला नाले का पानी सीधे तालाब में बहकर जा रहा है। इस गंदे पानी को उपचारित करने 3 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। इसके बनने से रोजाना 30 लाख लीटर गंदा पानी महाराजबंद में नहीं घुलेगा। एसटीपी निर्माण में 90 फीसदी सिविल वर्क पूरा हुआ है। इसमें इनलेक चैंबर, ग्रीड चैंबर बोरवेल और क्लीनर वाटर टैंक निर्माण हुआ है। प्रशासनिक बिल्डिंग निर्माण कार्य इस समय चल रहा है। मेकैनिकल वर्क अब तक शुरू नहीं हो पाया। एसटीपी निर्माण स्थल पर भारी मात्रा में नालियों का गंदा पानी जमा हुआ है। इससे तालाब के आसपास भारी दुर्गन्ध उठ रही है।



### नरैया तालाब में एसटीपी निर्माण का काम सुस्त, मानिटरिंग कमजोर

नरैया तालाब से लगे 3 तालाबों में पुलिस लाइन क्षेत्र का गंदा पानी सीधे तालाब में मिल रहा है। इससे तालाब का पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है। यहां 1 एमएलडी के एसटीपी स्थापित करने का काम बेहद सुस्त गति से चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार के लेबर ज्यादातर स्पॉट पर नदारद रहते हैं। स्मार्ट सिटी के अधिकारी प्रोजेक्ट की मानिटरिंग में ध्यान नहीं दे रहे। इसकी वजह से निर्माण कार्य आधा-अधूरा हो पाया है। आउटर वॉल बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। साइट पर बड़े साइज की चट्टान को हटाने मशीन लगाई जायेगी। साइट क्लीयर होने के बाद इस जगह पर बिजली का ट्रांसफार्मर लगेगा। पोलिस लाइन जनता कालोनी वाले स्पॉट पर आरसीसी वर्क कराया जा रहा है।



### खोखो तालाब में गंदा पानी जाने से रोकने बन रहा एसटीपी

नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के खोखो तालाब, बंधवा तालाब और पहलदवा तालाब में जल स्तर बढ़ाने और इन तालाबों में आसपास की नालियों का गंदा पानी सीधे जाने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य चल रहा है। मई 2024 तक एसटीपी निर्माण की समय सीमा तय है, पर निर्माण स्थल पर काम आधा-अधूरा हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक मजदूरों की कमी से काम प्रभावित हुआ है।



### 3 महीने का समय और लगेगा

महाराजबंद, नरैया तालाब और खोखो तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का काम पूरा करने में अभी 3 माह और लगेगा। 20 करोड़ की लागत से 3 जगहों पर एसटीपी स्थापित करने का काम चल रहा है।

*- अमित मिश्रा, प्रोजेक्ट प्रभारी, एसटीपी प्रोजेक्ट,रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### बाइक में तीन सवारी स्टंट, युवक पर जुर्माना



**रायपुर।** सोशल मीडिया में रील बनाने युवा कोई भी हद पार कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में सोशल मीडिया में बाइक सवार तीन लड़कों द्वारा स्टंट करने का वीडियो वायरल होने को एसएसपी संतोष सिंह ने गंभीरता से लेते हुए स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक से स्टंट करने पर बाइक मालिक अभय साहू के खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए साढ़े पांच हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है।

### बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानका थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दऊवा साहू की शिकायत पर राकेश चंदेल को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। दऊवा ने पुलिस को बताया है, वह देशी शराब दुकान में शराब लेने के लिए गया था। इसी दौरान नजरें बचाकर राकेश उसकी बाइक चोरी कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने राकेश को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पकड़ा है।




## एमआईसी की बैठक 10 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक 10 जून को गांधी सदन के ए म आ ई सी सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में होने जा रही इस बैठक में दस जोन से प्राप्त पेंशन प्रकरण, 10 ई बस खरीदी के लिए रेट एप्रूवल सहित जनहित से जुड़े अन्य प्रस्तावों पर चर्चा होगी। 4 माह बाद होने जा रही एमआईसी की बैठक के लिए भारसाधक सदस्यों से विभागवार एजेंडे मंगाये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक शहर में अमृत मिशन और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के पायलट प्रोजेक्ट के तहत लोगों के घरों में लगाये जा रहे स्वचालित वाटर मीटर का जल शुल्क तय करने संबंधी प्रस्ताव भी एमआईसी में रखा जा सकता है।

- विभागों से मंगाए जनहित से जुड़े प्रस्ताव




### होटल रोमन पार्क के सेल्स मैनेजर ने की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** होटल के सेल्स मैनेजर के द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि होटल द रोमन पार्क पुलगांव में जनरल मैनेजर पद पर राज कुमार निषाद ने शिकायत किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि होटल द रोमन पार्क मे सेल्स मैनेजर कालीपुर लक्ष्मी नगर रायपुर निवासी ईमरान मेमन कस्टमर के बिल को होटल के खाते में न डालकर अपनी पत्नी रश्मी मेमन के बारकोड के जरिये अलग-अलग दिनों में 30 हजार 146 रुपए ट्रांसफर किया। ईमरान ने होटल मैनेजमेंट के साथ ठगी किया। मैनेजर ने शिकायत किया है कि आरोपी ईमरान मेमन ने होटल के रूम रेंट, कस्टमरों के भुगतान को पत्नी के खाते में लेकर गबन और धोखाधड़ी किया। होटल को इसकी जानकारी तब हुई जब एकाउंटेंट ने होटल का हिसाब किताब देख करीब 1 लाख रुपए की रकम उसके द्वारा होटल के कस्टमर को भ्रम में डालकर पत्नी के खाते में ट्रांसफर किया।

## पूरक की जगह साल में दो बार परीक्षाएं, माशिम ने मंगाई दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कुछ दिनों पूर्व वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित किए जाने का निर्णय बीते दिनों लिया गया था। अब इससे संबंधित नियमों का राजपत्र में प्रकाशन किया गया है। मंडल द्वारा इस पर 9 जून तक दावा आपत्ति मंगाई गई है। सुझाव भी इस दौरान मंडल को दिए जा सकेंगे। माशिम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति अथवा सुझाव पर किसी तरह का कोई विचार नहीं किया जा सकेगा। हालांकि अब तक मंडल द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि दो बार होने वाली परीक्षा संबंधित प्रावधान मौजूदा सत्र से ही लागू किए जाएंगे अथवा अगले शैक्षणिक सत्र से इसे अपनाया जाएगा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, मंडल में इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

- राजपत्र में किया गया प्रकाशन, पूरक के स्थान पर होगी द्वितीय परीक्षा



### जून के तीसरे सप्ताह में होगी परीक्षा

राजपत्र में प्रकाशित सूचना में कहा गया है कि पूरक परीक्षाओं के स्थान पर वर्ष में दो बार परीक्षाएं होंगी। प्रथम मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल में होगी, जबकि द्वितीय परीक्षा जून के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ होगी। जो छात्र मुख्य परीक्षाओं में फेल हो चुके हैं अथवा अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। दोनों ही परीक्षाओं के लिए आवेदन भरना अनिवार्य होगा। दूसरी परीक्षा में बैठने के लिए वे ही छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने पहली परीक्षा दिलाई हो। प्रथम मुख्य परीक्षा की तरह द्वितीय परीक्षा के प्रश्नपत्र भी तीन सेट में तैयार किए जाएंगे। माशिम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में भी इससे संबंधित सूचना अपलोड कर दी है।

## कचरा प्रबंधन निपटान स्थल का 2 चरणों में होगा निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन एवं निपटान स्थल का संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा स्थल निरीक्षण किया जायेगा। यह निरीक्षण 2 चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण का स्थल निरीक्षण 11 से 14 जून को प्रस्तावित किया गया है। इसमें कचरा छंटाई के बाद की स्थिति, सड़क सफाई, नाली सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई और शहर में उत्पन्न कूड़े के परिवहन और निष्पादन का कार्य देखा जायेगा। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट और उपचारित जल के दोबारा उपयोग के संबंध में शहर में हो रहे कार्यों को परखा जायेगा।

- प्रथम चरण में कचरा छंटाई, सड़क और नाली सफाई का कार्य देखेंगे

गांधी सदन में बुधवार को संभागीय संयुक्त संचालक पीबी काशी ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देश पर संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा 11 से 14 जून तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रथम चरण में कचरा प्रबंधन एवं निपटान स्थल का निरीक्षण किया जायेगा। इस संबंध में आवश्यक तैयारियों की जानकारी लेकर समीक्षा की गई।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में दस जोन के कमिश्नर, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कड्डू, अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा, रामकी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड योगेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को संवारने में युवाओं ने पेश की मिसाल

# हर घर एक मुट्ठी चावल लेकर बिखेरी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित भटगांव के युवाओं ने प्रेरदायक कार्य किया है। युवाओं ने मन में ठानी कि, सरकारी घास जमीन के अस्तित्व को बचाना हैं और फिर बंजर जमीन में हरियाली उकेर दी। हर घर से चंदा और हर माह करीब 35 महिलाएं प्रत्येक घर से मुट्ठीभर अनाज एकत्रित कर रही है। इस अनाज और चंदा की राशि से करीब पांच एकड वाले इस जमीन में पांच सौ के करीब कई फलदार पौधे आज नजर आ रहे है। बंजर जमीन में जब हरियाली दिखी तो नाम रखा श्री राम स्मृति उपवन। भटगांव के युवाओं ने वर्ष 2015 में एकजूट होकर स्वामी विवेकानंद नवयुवक मंडल बनाई। इन युवाओं द्वारा गांव में विविधि गतिविधियों तो की जाती है। लेकिन इन्होने न सिर्फ सरकारी घास जमीन को सहेजा है, बल्कि इसे हरियाली का रूप देकर औरो को प्रेरणा दी है। मंडल में करीब दो दर्जन युवा है। मंडल के अध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि, वर्ष 2015 से गांव में समिति बनाई। गांव में ही पांच एकड की घास जमीन थी। इसे सहेजने का निर्णय युवाओं ने लिया। इसके लिए चंदा लेना शुरू किया, वही बकायदा गार्डन में बने सामुदायिक भवन में तीस से अधिक महिलाओं का नाम है, जो हर माह गांव में घुमकर प्रत्येक घर से मुट्ठीभर चांवल लेती है। चावल को बेचकर इस राशि का उपयोग गार्डन में किया जा रहा है। इस कार्य में किशोर देशमुख, साकेत गौतम, भीषम वैष्णव, योगेश देशमुख, यीशु साहू, सुकृत दास मानिक, लुकेश गौतम, राहुल देशमुख, सतीश गौतम, लाभेंद्र गौतम, दौलत देशमुख जूटे हुए हैं।

### सरकारी जमीन के लिए मिशाल

देखा जाए तो आज सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे हो रहे है। प्रशासन सरकारी जमीन को सहेजने में असफल है। ऐसे में पर्यावरण के लिए इसे उपयोग कर सहेजने के इस कार्य ने बडी मिशाल पेश की है। ग्राम भटगांव के सचिव भावना यादव ने हरिभूमि को बताया कि, युवाओं के कार्य की सभी प्रशंसा करते है।



### बंजर जमीन में आज आंवला और अमरूद

कभी घास जमीन कंटीले झांडियों से सरोबार थी। जिसे काटकर युवाओं ने घेरा बनाया। इस जमीन पर आज आंवला, जामुन, अमरूद, बेल, नारियल, अनार और आम के पौधे लहलहा रहे है। पंचायत निधि से यहां बोरवेल्स भी कराया गया है, जिसके जरिए सिंचाई हो रही है। अध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि, समिति को अधिकतम बीस हजार की सहयोग राशि मिली है।

## एसपी ने ली केबल ऑपरेटरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

केबल कटिंग की लगातार शिकायत के बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने ऑपरेटरों की बैठक लिया। इस दौरान शहर की सुरक्षा के लिए सीसी कैमरो की केबल कटिंग करने वालों पर कार्रवाई करने करने की बात कही गई है।

- केबल कटने की शिकायत पर दी हिदायत

दुर्ग-भिलाई के केबल आपरेटरों की बैठक सेक्टर 6 स्थित पुलिस कण्ट्रोल में लिया। एसपी ने हिदायत दिया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़, ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए दुर्ग-भिलाई शहर के विभिन्न स्थलों, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। 200 से अधिक केबल आपरेटरों ने टीवी चैनलों के लिये केबल बिछाये हैं। जिनके द्वारा सीसीटीवी कैमरा के केबल को काट दिया जा रहा है। जिससे विगत कुछ माह से विभागीय कार्यों में दिक्कत आ रही है। सीटीवी कैमरा के केबल कटिंग होने की शिकायत मिलने पर केबल आपरेटर के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, टीआई भिलाई नगर राजकुमार लहरे, प्रभारी पुलिस कण्ट्रोल रूम निरीक्षक तापेश नेताम समेत 50 से अधिक केबल आपरेटर मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन कल से

**रायपुर।** लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में तीन दिवसीय 7 से 9 जून तक राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के क्षणिक बौधिक एवं सामाजिक ज्ञान के माध्यम से उनका व्यक्तित्व विकसित करना है, इसके अंतर्गत सामाजिक आर्थिक विकास, इत्यादि विषय पर विचार प्रस्तुतिकरण, परस्पर चर्चा, कैरियर मार्गदर्शन तथा रोजगारमूलक प्रशिक्षण संबंधित कार्यक्रम होंगे। इस सम्मेलन में राज्य के लगभग 200 सामाजिक प्रतिभागी शामिल होंगे। निशुल्क भागीदारी युवा सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क रहेगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि पहले दिन के शुक्रवार को समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र सेरीखेंड़ी मंदिर हसौद में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, संयुक्त आयुक्त अमरपाल लोधी, पूर्व प्रभारी कुलपति डा. सत्येंद्र सेंगर, संचालक डा. अवधेश पटेल, सहायक प्राध्यापक डा. राकेश चंदेल शामिल होंगे।

### देश में मजबूत सरकार और मजबूत विपक्ष होगा : अमित

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव परिणाम पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश



के सबसे बड़े आम चुनाव लोकसभा चुनाव-2024 का परिणाम मंगलवार को देश के सामने आया है। हम जनादेश का स्वागत करते हैं। अब देश को एक मजबूत सरकार के साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी मिलेगा, जो लोकतंत्र के लिए अत्यावश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि भारत में गंगा-जमुनी तहजीब है, वसुदेव कुटुंबकम की परंपरा है, अनेकता में एकता भारत की असली ताकत है। श्री जोगी ने कहा, यहां नफरत की राजनीति नहीं चल सकती, प्रेम, स्नेह और भाईचारा भारत की पहचान है।

### वृंदावन हॉल में विद्यार्थियों का किया सम्मान

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम रायपुर के सहयोग से करियर काउंसलिंग एवं प्रतिभावन सम्मान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 9वीं से 12वी के होनहार विद्यार्थियों के अलावा ऐसे विद्यार्थी जिसने खेलकूद एवं गीत संगीत के माध्यम से जिला या राज्य में समाज का नाम रौशन किया, उन 201 विद्यार्थियों को धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम द्वारा प्रशस्ति स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सही दिशा-निर्देशन के लिए कैरियर काउंसिलिंग का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें काउंसलर के रूप में काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरंडकर, अजित सिंह जाट, लोक शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक बीआर साहू परसदा अभनपुर ने बच्चों को उचित शिक्षा के साथ-साथ जीवन में आने वाली कठिन का सामना करने का मार्गदर्शन प्रदान किए। कार्यक्रम में सुरेश धीवर, पवन धीवर, रामलाल पंडरिया, मनोज बाघमार, महेशरु धीवर सहित आईटी टीम के पूरे सदस्य उपस्थित रहे।

# चुनाव परिणाम के बाद 45 दिन तक याचिका टाइम, तब तक ईवीएम मशीनें व पोस्टल बैलेट स्ट्रांगरूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो चुका है, लेकिन जिला प्रशासन की जिम्मेदारी अभी खत्म नहीं हुई है। मतगणना से असंतुष्ट कोई भी प्रत्याशी या राजनीतिक दल की ओर से ईवीएम मशीनों में छेड़छाड़, किसी बूथ में संभावना से कम वोट मिलने या अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर कोर्ट में याचिका लगा सकता है। इसके लिए उनके पास सिर्फ 45 दिनों का समय रहेगा। इन 45 दिनों तक सभी ईवीएम मशीन और डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखा जाता है। प्रशासन ने याचिका टाइम तक के लिए सभी ईवीएम मशीनों व डाकमत पत्रों को सेजबहार स्ट्रांग रूम में रखकर सीलबंद कर दिया है।

## ईवीएम में छेड़छाड़ या गड़बड़ी की आशंका पर प्रत्याशी या राजनीतिक दल याचिका टाइम तक लगा पाएंगे कोर्ट में याचिका

### याचिका नहीं लगाने की स्थिति में खोली जाएगी सील

इन मशीनों को अब याचिका टाइम खत्म होने के 45 दिन के बाद ही स्ट्रांगरूम से निकाला जा सकेगा। इसके बाद ही मशीनों का डाटा क्लीयर किया जाएगा, लेकिन मशीनों को स्ट्रांगरूम से निकालने से पहले प्रशासन को कोर्ट से ईवीएम मशीनों को लेकर कहीं कोई याचिका लगी तो नहीं, इस संबंध में जानकारी लेनी होगी। इस बीच अगर एक भी याचिका लगाई जाती है, तो ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में तब तक सुरक्षित रखा जाएगा, जब तक याचिका पर कोई फैसला नहीं आ जाता है।



### याचिका टाइम तक सुरक्षित रखा गया

चुनाव का परिणाम के बाद 45 दिनों तक सभी ईवीएम मशीनों व डाकमत पत्रों को सुरक्षित सेजबहार स्ट्रांग में सीलबंद कर रखा गया है। इस दौरान अगर याचिका नहीं लगाई जाती है तो टाइम खत्म होने के बाद मशीनों को बाहर निकालकर उसका डाटा क्लीयर करने की प्रकिया की जाएगी।

- डॉ. गौरव सिंह
कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अनुमति से करेंगे डाटा क्लीयर

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार याचिका टाइम खत्म होने के बाद भी ईवीएम मशीनों का डाटा क्लीयर करने के लिए प्रशासन को छत्तीसगढ़ मुख्य निवार्चन पदाधिकारी से अनुमति लेनी होती है। इसके बाद ही ईवीएम मशीनों से डाटा क्लीयर किया जाएगा।

**ईवीएम-वीवीपैट को बूथ व सीरियल नंबर के साथ रखा गया :** जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि मतगणना के बाद स्ट्रांगरूम में सातों विधानसभा सीटों पर उपयोग में लाई गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सीरियल नंबर के अनुसार अलग-अलग सीलबंद कर स्ट्रांगरूम में याचिका टाइम तक रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर बूथ व सीरियल के अनुसार ईवीएम मशीन को आसानी से निकाला जा सके।

सवारी शहर के भीतर लाने आटो का रेलमपेल, इस वजह से ओवरब्रिज के चारों ओर जाम ही जाम

# पचपेड़ी नाका में रोज जाम, छुटकारे के लिए बस स्टॉप लालपुर होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाठागांव में संचालित इंटर स्टेट बस टर्मिनल की वजह से पूरे रिंग नंबर एक के चारों तरफ जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे ज्यादा जाम की स्थिति पचपेड़ी नाका के पास रहती है। पचपेड़ी नाका में सुबह 9 से 11 तथा शाम के समय सबसे ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसकी वजह पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे की जगह को अस्थायी बस स्टापेज के रूप में उपयोग करना है। अस्थायी बस स्टापेज होने की वजह से ओवरब्रिज के नीचे तथा धमतरी रोड के दोनों तरफ के मार्गों में सवारी बैठाना तथा ऑटो पार्क करना है।

गौरतलब है कि पचपेड़ी नाका से धमतरी जाने वाले मार्ग पर कई बड़े अस्पताल होने के साथ ही थोक अनाज के साथ फल मंडी है। इस वजह से इस मार्ग पर पूरे दिन ट्रैफिक का दबाव रहता है। धमतरी रोड पर बसों के अलावा ओडिशा तथा दुर्ग जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। इसके अलावा पचपेड़ी नाका शहर का एंट्री पाइंट भी है। ऐसी स्थिति में पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे बस स्टापेज होने की वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है।



### काफी हद तक जाम से मिलेगी मुक्ति

गौरतलब है कि कैनाल लिंक रोड से अमलीडीह, राजेंद्र नगर तथा तेलीबांधा के रहवासी पचपेड़ी नाका आने-जाने के लिए उपयोग करते हैं। बस स्टापेज को लालपुर ओवरब्रिज शिफ्ट करने से ट्रैफिक जाम से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी। ट्रैफिक का दबाव लालपुर से पचपेड़ी नाका के बीच ज्यादा रहता है।

### जाम से निपटने लालपुर में स्टापेज बनाने की तैयारी

ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक पचपेड़ी नाका को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने लालपुर में कैनल लिंक रोड ओवर ब्रिज के नीचे अस्थायी बस स्टापेज बनाने की तैयारी चल रही है। लालपुर में बस स्टापेज बनाने बस मालिकों के साथ निगम के अफसरों से बात की जा रही है।

### लालपुर तक मार्ग संकरा

गौरतलब है कि पचपेड़ी नाका से लेकर लालपुर जाने वाला मार्ग औसतन संकरा है। सड़क के दोनों तरफ कई कालोनी होने के साथ बस्ती है। इस मार्ग में दिनभर लोगों की आवाजाही होती रहती है। इसके कारण भी इस मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे ट्रैफिक पुलिस थाना भी है, बावजूद इसके जाम की स्थिति से निपटने ट्रैफिक पुलिस भी लाचार नजर आती है।

# साव ने कहा- तीसरी बार बहुमत के साथ सरकार में आना बहुत बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, 1962 के बाद पहली बार नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला है। यह लोकसभा की जीत मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने कहा, 10 साल सरकार में रहने के बाद तीसरी बार बहुमत के साथ सरकार में आना भाजपा व राजग की बहुत बड़ी उपलब्धि है। संवाददाताओं से चर्चा में अरुण साव ने कहा, लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट है कि यह जनादेश देश की जनता के मोदी पर अटूट भरोसे की मुखर अभिव्यक्ति है। उनको जनता-जनार्दन का आशीर्वाद है, जिन्होंने 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव लाया है। आम लोगों के सपनों को साकार किया है 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को धरातल पर साकार किया है। देश को आंतरिक और बाह्य के रूप से सुरक्षित किया। दुनिया में भारत का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया। भ्रष्टाचारमुक्त सुशासन दिया है। नई सरकार अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के कार्य को और आगे बढ़ाएगी।

- ■ नतीजों से स्पष्ट है कि यह जनादेश जनता का मोदी पर भरोसा

### साव का भूपेश से सवाल
### कांग्रेस की दुर्दशा के लिए कौन जिम्मेदार है?

उन्होंने कहा, कांग्रेस के तमाम फरेब, दुष्प्रचार और झूठ के बावजूद 11 में से 10 सीटें भाजपा ने जीती है। कांग्रेस ने प्रदेश के अपने सारे बड़े नेताओं को चुनाव में उतारा था और वह सभी-के-सभी चुनाव हारे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के सभी दिग्गजों की शर्मनाक हार हुई है। उनके सभी नजदीकी मंत्री, जिन्हें बघेल ने टिकट दिलाया था, वह सब भी हार गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि आखिर इस शर्मनाक हार की जिम्मेदारी किसकी है? इसका जवाब बघेल को देना चाहिए।



### अब ओडिशा में भी डबल इंजन की सरकार

उप मुख्यमंत्री ने पड़ोसी प्रदेश ओडिशा में भाजपा की लोकसभा व विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा, ओडिशा की 21 में से 19 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटों के साथ ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव परिणाम और भाजपा सरकार की योजनाओं का भी बड़ा असर ओडिशा के चुनाव में देखने को मिला है।

2025-26 से इसी आधार पर होगा मूल्यांकन, एनएमसी का सर्कुलर

# मेडिकल कालेजों की मान्यता का आधार होगा आभा आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तमाम मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों की ओपीडी-आईपीडी में आने वाले मरीजों का इलाज आभा आईडी के माध्यम से कराने पर जोर दिया गया है। एनएमसी ने सर्कुलर जारी कर चिकित्सा महाविद्यालयों को यह व्यवस्था बनाने की हिदायत दी है। 2025-26 के शैक्षाणिक वर्ष से कालेज की मान्यता के लिए इसी आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने चिकित्सा महाविद्यालयों की ओपीडी-आईपीडी में आभा आईडी की व्यवस्था को अनिवार्य किया है। उसके द्वारा जारी सर्कुलर में सभी कालेजों से कहा गिया है कि वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक वर्ष से मरीजों और उनके उपचार की अन्य व्यवस्था को आभा आईडी से प्रमाणित किया जाएगा। इसके साथ यूजीपी और पीजी की सीटों, नए कालेज, छात्रों को प्रवेश की अनुमति, नवीनीकरण सहित अन्य कार्यों के लिए मेडिकल कालेजों के अस्पतालों में पंजीकृत आभा आईडी के मरीजों के आधार पर प्रमाणित किया जाएगा। चिकित्सा महाविद्यालयों में आभा आईडी की व्यवस्था को एनएमसी द्वारा पिछले महीने हुई अपनी बैठक में अंतिम रूप दिया था, जिस पर शुक्रवार को सर्कुलर जारी किया गया है।

### ओपीडी-आईपीडी के मरीजों की आईडी से करना होगा पंजीकरण



### प्रक्रिया में है

एनएमसी के निर्देशों के अनुरूप सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में आभा आईडी की सुविधा देने के के लिए सिस्टम विकसित करने का काम प्रक्रियाधीन है। सभी को इस बारे में पहले ही निर्देश दिया जा चुका है।

- डॉ. यूएस पैंकरा,
संचालक, चिकित्सा शिक्षा

### बिना आईडी वालों का भी इलाज

आभा आईडी की व्यवस्था करने वाले अस्पताल इसकी सुविधा नहीं लेने वाले मरीजों के उपचार से इनकार नहीं करेंगे। इस बात पर जोर दिया गया है कि इसकी आईडी बनवाने के लिए ऐसे मरीजों को जरूर जागरूक किया जाए। एनएमसी द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के डिजिटलाइजेशन की दिशा में कदम उठाते हुए इलाज के लिए चिकित्सा महाविद्यालयों में आने वाले मरीजों को आभा आईडी के माध्यम से पंजीकृत किए जाने पर जोर दिया गया था।

### राज्य के कुछ कालेजों में सुविधा

सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के एक दो चिकित्सा महाविद्यालयों में ही इसकी सुविधा वैकल्पिक रूप से दी गई है और कुछ कॉलेजों ने इसकी प्रक्रिया शुरू की है। एनएमसी के निर्देश के बाद इस काम में तेजी आने की संभावना है। वर्तमान में आभा आईडी बनाने का काम कुछ जिला अस्पतालों में किया जा रहा है, मगर इसके लिए जागरूकता कम होने की वजह से उपयोग करने वालों की संख्या काफी कम है।

# जामुल सीमेंट प्लांट में हुई हत्या मामले में सीएचपी प्रमुख गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एचओडी हत्या कांड मामले में पुलिस ने इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सीमेंट प्लांट जामुल के भीतर एचओडी आर. बाला राजू खुन से सना मिला था। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। बालराजू के हत्या करने वाले की तलाश में पुलिस जुटी रही। प्लांट का कर्मी हरीशचंद वर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के तुरंत बाद सीएचपी का प्रमुख संजय तिवारी उसके पास आकर शर्ट में लगे दाग को मिटाने लगा। मृतक आर. बाला राजू ने कोल्ड हेंडलिंग प्लाट मे ब्रिफिंग करने के बाद और पावर प्लाट

- ■ मृतक को डांटना पड़ गया भारी



पहुँचने के बीच संदेही संजय तिवारी मौजूद नहीं था। मृतक आर. बाला राजु के साथ ही आरोपी संजय तिवारी भी सी.एच.पी. से निकलने की जानकारी गवाह ने पुलिस को दिया। गेट रजिस्टर भी जांच की गई। जिसमें आरोपी संजय तिवारी लंच के लिये अपने घर जाकर कपडे बदल आया था। पुलिस की टीम उसके घर में जाकर कपड़े बरामद किया। जिसमें खून के छिटे , धब्बे मिले है। इससे क्लीयर हो गया कि संजय तिवारी ने ही एचओडी की हत्या किया । पूछताछ के दौरान आरोपी संजय तिवारी पुलिस को बताया कि सुबह सीएचपी में ब्रीफिंग के दौरान आर. बालाराजु के द्वारा उसे उस पर चिल्लाना, डांट फटकार करना और कोयले की लगातार आपूर्ति नही होने पर नाराजगी जाहिर किया था। पूर्व में कोयले की आपूर्ति न होने से प्लांट में ब्रेक डाउन हो गया था। जिसके लिये भी मृतक ने संजय तिवारी को जिम्मेदार ठहराया था। इसी बातों को लेकर मृतक संजय तिवारी को नौकरी से निकाल देने की धमकी भी दिया करता था। कोल अनलोडिंग एरिया में खड़े होकर मृतक आर. बालाराजु ने दूर से हाथ देकर आरोपी संजय तिवारी को बुलाया। तब अनलोडिंग के लिये ट्रक क्यों नही लगाने की बात को लेकर बाल राजू ने संजय तिवारी को डाटना शुरु कर दिया। आक्रोश में आकर संजय तिवारी ने जब मृतक निरीक्षण कर रहा था। तभी संजय तिवारी ने पीछा से हथौडे से बालराजू पर हमला कर मौत की नींद सुला दी। घटना में मृतक के शरीर पर गंभी चोट आई थी।

### श्रमिकों की सुरक्षा व ...

श्रमिकों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग की गतिविधियों और नई पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं और सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री शर्मा ने औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग को कारखानों में विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत ली जाने वाली अनुज्ञाप्तियों जैसे कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत अनुज्ञाप्ति के अंतर्गत अनुज्ञाप्तियां, ठेका श्रम (विनियम और उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के अंतर्गत अनुज्ञाप्तियां, कर्मचारी राज्य सेवा बीमा निगम एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत आवश्यक अनुज्ञाप्ति / स्वीकृतियां / पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए । कारखानें में उपयोग होने वाले सभी तरह के रसायनों की जानकारी, इओनसे संभावित खतरे एवं सावधानियों की जानकारी कार्यस्थलों में प्रदर्शित होने को कहा । कार्यरत श्रमिकों को कार्य के अनुरूप प्रशिक्षित कर उन्हें उपयोग होने वाले रसायनों के खतरों एवं सावधानी की जानकारी देने के निर्देश दिए । कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा की

## पेज 9 के शेष

कारखाने के सभी विभागों में जहां खतरनाक रसायनों का भण्डारण, उपयोग होता है, वहां उक्त रसायनों के संबंध में मटेरियल डेटा शीट बड़े साईन बोर्ड में प्रदर्शित होना चाहिए। ऐसे कारखानों में कार्यरत श्रमिकों के कार्य के सुपरविजन हेतु योग्यताधारी सुपरवाइजर की नियुक्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए जिससे कि निर्धारित सुरक्षा प्रणाली के अनुसार कार्य हो रहे हो, यह सनिश्चित हो सकें।

### अग्निशामक यंत्रों की ...

निर्धारित की गई एसओपी अनुसार कार्य किया जा रहा है। ऐसे कारखानों में कारखाना प्रबंधन द्वारा कार्यरत श्रमिक कॉटन के कपड़े पहनकर ही कार्य करें तथा श्रमिकों को उनके कार्य के अनुरूप आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे रेस्पेरिटरी मास्क, हैण्ड ग्लब्स, फुल बॉडी एप्रॉन, सुरक्षा जूते, फेश शील्ड, चश्मा आदि उपलब्ध कराकर उनका उपयोग करने के सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, महाप्रबंधक उद्योग जी.आर.निकुंज एवं खान प्रभारी, श्रम निरीक्षक तथा दुर्ग से इंडस्ट्रिल सेफ्टी ऑफिसर उपस्थित थे ।

### नया बस स्टैंड, सिविल लाइन ...

कंपनी के कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करने करनी पड़ी। **नया बस स्टैंड क्षेत्र भी हाल बेहाल रहा :** नया बस स्टैंड क्षेत्र में 40 घंटे से बिजली बंद रही जिसमें पूरा नया बस स्टैंड प्रभावित हो गया है। यूको बैंक में दो दिन से पूरी तरह से काम बंद है। नया बस स्टैंड में पीने के पानी की विकराल समस्या बढ़ गई है क्योंकि बिजली बंद होने से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बैंक में 2 दिन से काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। इंटरनेट से जुड़े सारे काम भी सभी दुकानदारों के बंद पड़े हुए हैं। इसके साथ ही दवाई दुकान में फ्रिज में रखने लायक दवाई वैक्सीन प्रभावित रही।

### वृद्धाश्रम पहुंचे कलेक्टर ....

मुलाकात की तथा आश्रम की व्यवस्था के बारे में उनसे चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि वृद्धावस्था में व्यायाम, योग जैसी गतिविधियां करना बहुत आवश्यक है। इससे वृद्धावस्था में शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने वृद्धजनों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। संस्था में निवासरत वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों को फल, बिस्कीट एवं शीतल पेय का वितरण किया गया। संस्था प्रमुख को वृद्धजनों की आवश्यक देख-रेख, मेडिकल सुविधा, चिकित्सकीय जाँच, भोजन एवं भवन के रख-रखाव तथा परिसर में आवश्यक पेड़-पौधे लगाकर सुसज्जित करने के निर्देश दिये है। इस दौरान कलेक्टर ने आश्रम को प्रस्तावित आबंटित जमीन के बारे जानकारी ली । इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासु तथा वृद्धाश्रम के प्रबंधक उपस्थित थे।

### गलत कार्रवाई कर अस्पताल किया बंद

**भिलाई।** व्हीवाय अस्पताल के संचालक डॉ. विश्वनाथ यादव ने आरोप लगाया है कि सीएमओ कार्यालय के अधिकारियों के गलत कार्रवाई और कलेक्टर को गुमराह में रखने के कारण शहर के बडे अस्पताल को बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया। व्ही वाय अस्पताल संचालक डॉ. वश्विनाथ यादव ने शासन को गुमराह कर गलत कार्रवाई करने वाले सीएमओ दुर्ग डॉ. जेपी मेश्राम, नोडल अधिकारी को सस्पेंड करने की मांग की है। वहीं अगर शासन द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जाती है तो कई सीएमओ दफ्तर के कई अधिकारियों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है। डॉ यादव ने कहा कि सीएमओ दफ्तर ने गलत कार्रवाई कर व्ही वाय अस्पताल को बदनाम किया है। अगर ऐसा ही तानाशाही चलता रहा तो भवष्यि में कोई भी निजी अस्पताल गर्भवती मरीज को भर्ती नहीं लेगा। गौरतलब हो कि व्हीवाय अस्पताल में एक गर्भवती महिला को गंभीर अवसाथा में परिजनों ने उपचार के लिए लाया था। भर्ती के दस दिन पूर्व बच्चा महिला के पेट में मर चूका था। उन्होंने कहा कि महिला धमधा के शासकीय अस्पताल में महिला का उपचार 7 माह तक हुआ था।

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



## नेवरीकला में धूमधाम से मनाई गई शनि जयंती

**बालोद।** ग्राम नेवरीकला में शनि जयंती के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा ग्राम के बाजार चौक स्थित शनि देव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया था। सुबह साफ-सफाई के बाद ग्रामीणों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। ग्राम के महिला पुरुष बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस दौरान कई ग्रामीणों ने पूजा अर्चना के दौरान मनोकामना नारियल पीपल के पेड़ में बांधे तथा भगवान से ग्राम के साथ अपने घरों की सुख-समृद्धि की कामना की। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

## डेली नीड्स शॉप में लगी भीषण आग से सामान जला

**भिलाई।** डेली निडस के शॉप में अचानक आग लग गई। सूचना पर मौके से तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया बुधवार की सुबह नेहरूनगर में स्थित शीतल डेली नीड्स में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना भोर सुबह 5 बजे मिली। मौके पर अग्निशमन, आपदा प्रबंधन की टीम तुरंत पहुची। अग्निशमन कर्मियों ने दुकान पर में लगी भीषण आग को बड़ी सावधानी से दो दमकल पानी की मदद से आग को क़ाबू किया। दूसरी तरफ दुकान, घर तरफ बढ़ाने से रोक लिया गया। एक बड़ा हादसा होने से टला और भारी जानमाल की हानि होने से बचाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग बुझाने अग्निशमन कर्मी महेंद्र चंदेल, एफ प्रवीण बारा,पराग भोसले, अवतार सिंह, कुलेश्वर, टीकेंद्र,रमेश , धनऊ, संतोष, भोपेश मौजूद थे।

## डॉक्टर और सेवानिवृत्त कर्मी ठगी के शिकार

**भिलाई।** दो अलग-अलग ठगी के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई की है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मकान नं. 132 ब्लाक 08 आर्चिड तालपुरी निवासी बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मी अजीत सिंह विरदी के मोबाइल पर काल किया गया। अज्ञात मोबाइल धारक ने डाक भेजने के नाम पर 15 रुपये आनलाईन भेजने का झांसा दिया। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर एनीडेस्क एप डाऊनलोड करने को कहा। उसके बाद पीड़ित के बैंक आफ बड़ोदा खाते से दो किस्त में 40 हजार रुपए अज्ञात ने निकाल लिया। वहीं दूसरी ठगी क्वाटर नं. 03 बी सड़क एसपीए सेक्टर 9 निवासी डॉ उमेश अशोक गिरडकर के साथ हुआ। पीड़ित ने एमेजान के कस्टमर केयर पर गुगल से नंबर सर्च कर अपना आर्डर कैंसल करने को कहा। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़ित को एक लिंक भेजा जिसमें क्लिक करते ही उसके खाते से 19 हजार 200 रुपये गायब हो गए। जिसकी शिकायत भिलाई नगर थाना में दर्ज कराई गई है।

**प्रक्रिया : लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद नेताओं ने दी प्रतिक्रिया**

# मोदी सरकार पर जनता ने फिर जताया भरोसा : भाजपा

# मोदी की दमनकारी नीतियों को जनता ने नकारा : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों ने सभी को चौंका दिया है। भाजपा भले ही विजयी सूची में सबसे टॉप स्थान पर रही है, लेकिन इसके बाद भी भाजपा को उम्मीदों के मुताबिक परिणाम नहीं मिले हैं। वो वहीं इंडिया गठबंधन को मिले सीटों की संख्या ने सारे एक्जिट पोल को फेल दिया है। अब इस लोकसभा परिणाम को लेकर भाजपा-कांग्रेस के क्षेत्रीय नेताओं ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है।













### राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का परिणाम : गुरुदयाल

पूर्व संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में काफी सकारात्मक है। ये राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा का ही परिणाम है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जनता का भरोसा मिला है। जनता ने जिस भरोसे के साथ इंडिया गठबंधन को अपना समर्थन दिया है हम उस पर निश्चित रूप से खरा उतरेंगे।

### तीसरी बार जनता ने पीएम मोदी पर जताया भरोसा : दीवान

बेमेतरा भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीसरी बार भरोसा जताया है। लोग उन्हें चाहते हैं और वे ही फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी फिर भाजपा का साथ दिया है। हमारी सरकार देश के हित के लिए काम कर रही है। भाजपा के हर कार्यकर्ता का उद्देश्य इस देश की सेवा करना है।

### ईडी के दुरुपयोग पर जनता ने दिया मुंह तोड़ जवाब : विजय

पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव विजय बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान कांग्रेस को जिस तरह से विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किया गया और चुनाव को एक-तरफा करने की कोशिश की गई उसका जनता ने मुंह तोड़ जवाब दिया है।

### मोदी ने आम लोगों के सपनों को साकार किया : देवादास

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने कहा कि यह पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत है।

उन्होंने कहा कि 10 साल सरकार में रहने के बाद तीसरी बार बहुमत के साथ सरकार में आना भाजपा व एनडीए की बहुत बड़ी उपलब्धि है। 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव लाया है, आम लोगों के सपनों को साकार किया है।

### देश की जनता ने राहुल के प्रति विश्वास जताया : अंजली

पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ अंजली सतीश मार्कण्डेय ने कहा कि बेरोजगारी, मंहगाई, अफ़सरशाही एवं तानाशाही से त्रस्त देश की जनता ने राहुल गांधी के प्रति विश्वास जताया है।भाजपा ने धर्म और संप्रदाय का सहारा लेकर समाज में द्वेष घोलने के तमाम प्रयास किए, लेकिन जनता ने उसे नकार दिया।

### मोदी सरकार संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : मधु

भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा है। मोदी की सरकार अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के कार्य को और आगे बढ़ाएगी।

### जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ दिया : तिलक

पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़ तिलक घोष ने कहा कि जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रही थी, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को कलंकित किया, फिर भी इंडिया गठबंधन जीती और अधिकांश जगह पर अच्छी फाइट दी।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पूरी तरह फेल : दुर्गा

महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की शानदार और ऐतिहासिक जीत हुई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के तमाम फरेब, दुष्प्रचार और झूठ के बावजूद 11 में से 10 सीटें भाजपा ने जीती है।

### हार की जिम्मेदारी लें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश : बिसेन

भाजपा मण्डल महामंत्री मिंटू बिसेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बताना चाहिए कि आखिर इस शर्मनाक हार की जिम्मेदारी किसकी है? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने सिरे से नकारा है।

**पर्यावरण सुरक्षा को लेकर की गई चर्चा**

## कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र ढोलिया में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज.बेमेतरा

5 जून को रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र ढोलिया बेमेतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में फार्म में पौधारोपण किया गया। आज के समय में पौधारोपण करना अत्यंत आवश्यक हो गया हैं, क्यूंकि आज पर्यावरण की सुरक्षा का उपाय एकमात्र पौधारोपण है। मनुष्य की दैनिक गतिविधियों से हानिकारक ग्रीनहाउस गैसों का उत्पादन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिसे हम वृक्षारोपण के माध्यम से कम कर सकते हैं। रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र, ढोलिया बेमेतरा विश्व पर्यावरण दिवस का थीम है एक मनुष्य को एक दिन में लगभग 576 लीटर ऑक्सीजन की आवश्यकता होती हैं आईये आज से अपने लिए ऑक्सीजन की खेती करें चलो पौधारोपण करें।

यह कार्यक्रम कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. टी डी साहू, सभी सहायक प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाए। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. साक्षी बजाज ने आभार व्यक्त किया।

**मुलाकात...**



**बेमेतरा।** थान खमरिया क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने सांसद विजय बघेल से उनके निवास पर पहुंच कर मुलाकात की। सांसद बघेल को ऐतिहासिक जीत की बधाई दी । बधाई देने के दौरान मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर , अनिल सिंघानिया पूर्व एल्डरमैन, मुकेश सिंघानिया वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद विजय शर्मा, मनीष सेन,संपत तिवारी, संतोष तेली आदि मौजूद रहे।

## मंदिर में शनिदेव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा



**बेमेतरा।** ग्राम चीजगांव में गुरुवार को शनि जयंती के अवसर पर श्री शनिदेव की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा की गई। शनिदेव प्रतिमा की स्थापना चेतन शर्मा ग्राम पुरोहित महाराज की उपस्थिति में हवन-पूजन किया गया। पूजन-अर्चन एवं आरती के पश्चात प्रसाद, शरबत बांटा गया। इस अवसर पर ग्राम में त्यौहार भी मनाया गया। श्री शनिदेव प्राण-प्रतिष्ठा ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुई। इस दौरान ग्राम के मुखिया घनश्याम साहू,बैगा हालेश्वर मंडावी,तेखन मंडावी, पदाधिकारी बेदराम साहू, गोवर्धन साहू,डॉ.पीलाराम साहू, लोकनाथ साहू, मानसिंग साहू, शंकर साहू,भुवन साहू, कुबेर साहू,पवन साहू, बाबूलाल साहू, कुमार साहू, प्रेमलाल साहू,लखन साहू, बलराम साहू, देवसिंग यादव,डेरहा साहू,तखत सेन, हीरासिंग साहू, गोकुल विश्वकर्मा, रामेश्वर नेताम, हीरालाल साहू, खेमूराम साहू, जगन्नाथ साहू, जगमोहन साहू, कार्तिक साहू, महादेव साहू,चेतन साहू, गनपत साहू,अजय साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अजय साहू ने कहा कि धार्मिक आस्था व कार्यों से गांव, समाज में संकट नहीं आता, क्लेश भी नहीं होता। गांव में किसी भी प्रकार की समस्याएं नहीं होती है।

**अंचल में पारंपरिक रूप से धूमधाम से मनाया गया वट-सावित्री पर्व**

## महिलाओं ने वट-सावित्री पर्व पर किया व्रत पूजा-अर्चना कर मांगी पति की लंबी उम्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुवार को नवागढ़ नगर में महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। कच्चे सूत को वटवृक्ष पर लपेटकर हर फेरे में पति की लंबी आयु और उनका जन्म-जन्म का साथ निभाने की कामना की। नगर के सुकुल पारा,बीच पारा, शंकर नगर, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बावा पारा, बावली पारा आदि में सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत पर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर इस सुहाग पर्व को उत्साह के साथ मनाया। उमस भरे गर्म मौसम ने भी उनकी निष्ठा कम न हुई।

दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर मंदिर एवं नजदीकी वट वृक्षों के पास पहुँचकर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ इस व्रत को पूरा किया। पूजा के बाद सुहागिनों ने सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी। शहर के मंदिरों और वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पूजा के बाद सुहागिनों ने वट वृक्ष के 7, 11,21, 108 इच्छानुसार परिक्रमा कर वट सावित्री की पूजा की।



### कच्चा सूत लेकर की परिक्रमा

कच्चा सूत को लेकर परिक्रमा कर सुहागिनों ने चना, पकवान, मौसमी फल सहित सुहाग का पिटारा भी चढ़ाया। मान्यता है कि वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री ने यमराज से अपने पति को वापस जीवित करने का वरदान मांगा था। वट वृक्ष की जड़ों में भगवान ब्रह्मा, तने में विष्णु और पत्तों में शिव का वास होने की वजह से तीनों देवों के प्रतीक स्वरूप वट वृक्ष की पूजा की जाती है।

**बरगद के वृक्ष से मिलता है ऑक्सीजन :** बरगद अन्य वृक्षों के मुकाबले हमें ज्यादा आक्सीजन देता है और छांव भी। इसकी उम्र भी ज्यादा होती है। इस वृक्ष के नए पौधे बहुत कम रोपे जाते हैं। पुराने वृक्षों में से बहुत कम बचे हैं, इसलिए वट सावित्री व्रत के दिन महिलाओं को पूजा करने के लिए अपने घर से डेढ़ से दो किलोमीटर पैदल जाना पड़ता है। बरगद व पीपल के वृक्षों से पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन भी मिलता है। विगत साल कोरोना संक्रमण के दौरान आक्सीजन की कमी ने लोगों का ध्यान इन वृक्षों की तरफ खींचा है। लोग अब इनकी जरूरत महसूस करने लगे हैं, इसलिए ने हमें इसके नए पौधे भी रोपने का संकल्प लेना चाहिए।



**सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत :** बेमेतरा। ग्राम चीजगांव में वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं ने बड़ी संख्या में बरगद वृक्ष के पास पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान पंडित चेतन शर्मा मौजूद रहे। महिलाएं इस वट सावित्री व्रत के दिन उपवास रहकर पूजा करती हैं। ग्राम की अधिकांश महिलाएं अलग-अलग जगह पर वट वृक्ष के पास जाकर अपनी-अपनी आस्थाओं में लीन रहीं।

## संजारी पहुंचीं विधायक अनिला शोक संतप्त परिजनों से की भेंट



**डौंडीलोहारा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संजारी में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत की समाचार से सन्नाटा पसरा हुआ है। इसकी जानकारी मिलने पर डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया ने संजारी पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और पांच हजार रुपए सहायता राशि के रूप में प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी सहायता राशि के लिए अधिकारियों को भी निर्देश करते हुए परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर जतिन भेड़िया, अनिल लोढ़ा, गोपाल प्रजापति, नेतराम भांडेकर, अर्जुन ठाकुर, राजकुमार ग्वाल, विनोद गौर, प्रकाश निषाद, रुमन दुबे एवं ग्राम पटेल श्याम लाल सोनकर एवं कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

**गुरूवार को सुहागिन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत**

## वट वृक्ष की पूजा कर मांगा पति की लंबी उम्र का वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह अयस्क नगरी की सुहागिन महिलाओं ने ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट सावित्री के शुभ अवसर पर व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इसी क्रम में बीएसपी सेन्ट्रल टाउनशिप स्ट्रीट नं.10, वार्ड नं.22 के कला मंच दल्लीराजहरा के समीप स्थित वट वृक्ष (बरगद) की वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना कर मौसमी फल,फूल, भीगे चने, मिष्ठान, सोहाग की सामान व श्रीफल चढ़ाकर, सती सावित्री व सत्यवान की पौराणिक कथा श्रवण कर ,वट वृक्ष के 108 फेरे (परिक्रमा) लगाए तथा कच्चा धागा लपेटे। इस अवसर पर ममता शर्मा, राधा मिश्रा, सीमा राजोरिया, शारदा देवांगन, लता कुलदीप, उमा ढ़ोले, प्रमिला नायक, लीना देवांगन, मौसमी, लीला राव, शांति साहू आदि महिलाएं उपस्थित रहे। ममता शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सनातनी सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु व अच्छी सेहत के लिए वट सावित्री व्रत रखती है और परिवार सहित सभी के लिए मंगल की कामना करते हुए वट वृक्ष (बरगद) की विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं।इसके अतिरिक्त ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनि जयंती भी मनाया जाता है।इसलिए उपस्थित सुहागिन महिलाओं ने समीप के पीपल वृक्ष की भी पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर फेरे लगाए व अपने परिवार सहित सभी के लिए मंगलकामना की।



